**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**

**अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-01**

दिनांक: 13.12.2017

संख्या: 6-9(2)/2017 ई-III

**परिपत्र**

**विषय:** सशस्त्र बल ध्वज दिवस निधि के लिए धन जुटाने संबधी

**सन्दर्भ:** दिनांक 28/09/2017 का रक्षा मंत्री का अर्ध शासकीय पत्र सं. 7(9)/2017/D (Res.II)/3989-F/RM/17 तथा कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग का दिनांक 11/10/17 का कार्यालय ज्ञापन संख्या 16/4/2016-JCA2

संदर्भित अर्ध शासकीय पत्र तथा कार्यालय ज्ञापन के अनुपालन में परिषद मुख्यालय तथा इसकी इकाईयों में कार्यरत सभी अधिकारियो/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि सशस्त्र बल ध्वज दिवस (7 दिसंबर) को देश की सेवा में सशस्त्र बलों के सर्वोच्च बलिदान की याद में मनाया जाता है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा सभी मंत्रालयों/विभागों के कर्मचारियों /अधिकारियों को स्वेच्छा से न्यूनतम रु. 200/- की राशि वेतन से सशस्त्र बल ध्वज दिवस निधि में दान करने का अनुरोध किया गया है। इस सन्दर्भ में निर्णय लिया गया है कि परिषद मुख्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारी स्वेच्छा से अपने दिसम्बर, 2017 माह के वेतन सें रु.200/- उक्त निधि में दान करेगें।

इस सन्दर्भ में परिषद मुख्यालय तथा इसकी इकाईयों में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया जाता है कि जो अधिकारी/कर्मचारी स्वेच्छा से अपने वेतन से उक्त राशि सशस्त्र बल ध्वज दिवस निधि में दान करने के इच्छुक नहीं है वे दिनांक 20/12/2017 तक लिखित में इस कार्यालय /डी.डी.ओ को सूचित करे अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को दान के प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं है। जो अधिकारी/कर्मचारी रु. 200/- से अधिक दान देने की इच्छा रखते है वे भी इस आशय की सूचना इस कार्यालय या डी.डी.ओ. को दे सकते हैं।

एस.के.यादव

(एस.के.यादव )
अनुभाग अधिकारी

प्रति:

1. सीएसआईआर मुख्यालय/आईपी निदेशालय/विज्ञान केन्द्र/ महारानी बाग़ अतिथि गृह के सभी प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष - इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र की विषय-वस्तु को अनुपालनार्थ अपने अधीनस्थ स्टाफ के जानकारी में लाएं।
2. डी.डी.ओ., परिषद मुख्यालय; इस अनुरोध के साथ की जिन अधिकारीयों/कर्मचारियों को कोई आपत्ति नहीं हो उनके माह दिसम्बर, 2017 के वेतन से रु. 200/- का अंशदान काट कर सचिव, केंद्रीय सैनिक बोर्ड सचिवालय को भेजने का कष्ट करें
3. उपाध्यक्ष, सीएसआईआर का कार्यालय
4. महानिदेशक, सीएसआईआर का कार्यालय
5. संयुक्त सचिव, सीएसआईआर का कार्यालय
6. सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग - इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को सीएसआईआर के वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की व्यवस्था करने की कृपा करें।
7. कार्यालय प्रति